मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

## कार्यालय-आदेश

विश्वविद्यालय में समय से आना, निर्धारित कार्यालय अवधि में अपने दायित्वों का निर्वहन करना तथा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्धारित कार्य पद्धति एवं समय सारणी का पालन करना सभी के लिए नितान्त आवश्यक एवं अनिवार्य होने के दृष्टिगत तथा मा0 राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त पत्र संख्याः ई-2123/जी0एस0 दिनांक 18 अप्रैल, 2022 के अनुपालन में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए बायोमैट्रिक अटेन्डेंस की व्यवस्था लागू करते हुए प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के जनपदीय अभियंत्रण विभाग, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग, आई0टी0आर0सी0 तथा प्रशासनिक भवन में बायोमैट्रिक उपकरण स्थापित किया गया है। विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी तथा कर्मचारी अपने कार्यस्थल से निकटवर्ती किसी भी स्थान पर स्थापित बायोमैट्रिक उपकरण पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते है।

उपर्युक्त के आलोक में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि तत्काल प्रभाव से बायोमैट्रिक अटेन्डेंस की व्यवस्था के अन्तर्गत विश्वविद्यालय आने तथा जाने के दौरान बायोमैट्रिक उपकरण पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। बायोमैट्रिक अटेन्डेंस के अन्तर्गत एवं आधार पर इस माह से वेतन भुगतान की व्यवस्था को भी जोड दिया गया है।

ह०
कुलसचिव

पृ0सं0/मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/INC-114/115-A/2022 दिनांक : 31 मई, 2022

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त अधिष्ठाता/समस्त विभागाध्यक्ष।
2. अध्यक्ष, आई0टी0आर0सी0।
3. कार्यालय प्रभारी/अनुभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ समस्त शिक्षकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों में परिचालन हेतु।
4. वित्त नियंत्रक।
5. वै0सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
6. वेबमास्टर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कुलसचिव